CS (Main) Exam,2021

**वियोज्य DETACHABLE**

# भूगोल (प्रश्न-पत्र I)

# GEOGRAPHY (Paper I)

| | |
|---|---|
| *निर्धारित समय : तीन घण्टे* | *अधिकतम अंक : 250* |
| *Time Allowed : Three Hours* | *Maximum Marks : 250* |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने सूचित हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

जहाँ आवश्यक हो, अपने उत्तरों को उपयुक्त चित्रों/मानचित्रों तथा आरेखों द्वारा दर्शाइए । इन्हें प्रश्न का उत्तर देने के लिए दिए गए स्थान में ही बनाना है ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Illustrate your answers with suitable sketches/maps and diagrams, wherever considered necessary. These shall be drawn in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) उच्चस्थ समतलन (अल्टीप्लेनेसन) अवधारणा का वर्णन कीजिए ।
Describe the concept of 'Altiplanation'. 10

1.(b) वायु संहति रूपान्तरण हेतु उत्तरदायी महत्त्वपूर्ण कारक क्या हैं ?
What are the important factors responsible for airmass modifications ? 10

1.(c) सागर-सतह के तापमान में वृद्धि से सम्बन्धित संकटों की विवेचना कीजिए ।
Discuss the hazards associated with rise of sea-surface temperature. 10

1.(d) जीन कोश केन्द्र जैवविविधिता संरक्षण के लिये 'अच्छी आशा' हैं । स्पष्ट कीजिए ।
Gene pool centres are 'Good Hope' for biodiversity conservation. Elucidate. 10

1.(e) एशिया में उच्चभूमि-निम्नभूमि की स्थिरता के लिये हिमालय की पारिस्थितिकीय सेवायें कैसे जरुरी हैं, वर्णन कीजिए ।
Describe how ecosystem services of Himalaya are essential for Highland-Lowland sustainability in Asia. 10

2.(a) प्लेट विवर्तनिकी की संकल्पना, समस्थिति और महाद्वीपीय अपवाह सिद्धान्त (ड्रिफ्ट थ्योरी) से लिया गया है । उपयुक्त उदाहरण देते हुये विस्तार से बताइये ।
The concept of Plate tectonics has been derived from the isostasy and continental drift theory. Elaborate citing suitable examples. 20

2.(b) प्रशान्त महासागर की तली स्थलाकृति का विस्तार से वर्णन कीजिये ।
Give a detailed account of bottom topography of the Pacific Ocean. 15

2.(c) मृदा अपरदन तथा मृदा निम्नीकरण खाद्य आपूर्त्ति में खतरा हैं । विवेचना कीजिए ।
Soil erosion and soil degradation are threat to food supply. Discuss. 15

3.(a) महाद्वीपों पर वर्षण के विविध प्रतिरूपों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों का परीक्षण कीजिए ।
Examine major influencing factors for varied patterns of precipitations on the continents. 20

3.(b) सामुद्रिक सुरक्षा की उपेक्षा हो रही है । प्रमुख चुनौतियों को इंगित कीजिए और समुद्र नियम के संदर्भ में उपाय सुझाइये ।
Maritime security is being neglected. Indicate the major challenges and suggest solutions in the context of Law of the Sea. 15

3.(c) कार्बन तटस्थता अवधारणा की व्याख्या करते हुये, कार्बन धनात्मक और ऋणात्मक राष्ट्रों द्वारा किये गये उपायों का वर्णन कीजिये ।
Explaining the concept of carbon neutrality, describe the measures taken by carbon positive and negative nations. 15

4. (a) मानव के पारिस्थितिकीय अनुकूलनों का उपयुक्त उदाहरणों सहित विस्तृत विवरण दीजिए । विश्व के विभिन्न भागों में पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण पर इसके प्रभावों की व्याख्या कीजिए ।

With suitable examples, elaborate human ecological adaptations. Explain its impacts on ecology and environment in various parts of the world. 20

4. (b) जलसंभर क्षेत्र के निरूपण में सरिता बेसिन और अपवाह विभाजक महत्वपूर्ण अवयव हैं । व्याख्या कीजिए ।

Stream basins and drainage divides are important components to delineate a watershed area. Explain. 15

4. (c) तड़ित् (लाइटनिंग) के कारणों को इंगित करते हुये, इससे सम्बन्धित खतरों का वर्णन कीजिए ।

Indicating the causes of lightning, describe the threats associated with it. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following in about 150 words each : 10×5=50

5. (a) सामाजिक एवं स्थानिक संरचना के मध्य अन्तःसम्बन्ध जटिल हैं । सामाजिक-स्थानिक द्वन्द्व के सन्दर्भ में व्याख्या कीजिए ।

The interrelationships between social and spatial structure are complex. Explain in the context of socio-spatial dialectic. 10

5. (b) सन् 2050 तक शून्य कार्बन को प्राप्त करने हेतु ऊर्जा संक्रमण को एक साधन के रूप में कैसे देखा जाता है ?

How is energy transition seen as an instrument for achieving zero carbon by 2050 ? 10

5. (c) संरक्षित कृषि स्वस्थ और बृहद् उत्पाद में सहायता करती है । उदाहरण के साथ सही सिद्ध कीजिए ।

Protected cultivation assists in healthier and a larger produce. Justify with examples. 10

5. (d) प्रादेशिक विषमता संबोधन हेतु संसर्ग एवं पदानुक्रमीय विसरण प्रक्रियाओं की व्याख्या कीजिए ।

Explain the processes of contagion and hierarchical diffusion in addressing regional imbalances. 10

5. (e) वर्तमान काल के सन्दर्भ में क्रीस्टालर के केन्द्रस्थल सिद्धान्त की प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए ।

Examine the relevance of Central Place Theory of Christaller in the present context. 10

6. (a) विकास-जनित विस्थापन गम्भीर चुनौतियों को प्रस्तुत करता है । इसके कारणों, परिणामों एवं समाधानों का उल्लेख कीजिए ।

Development-induced displacement poses serious challenges. Mention its causes, consequences and solutions. 20

6. (b) विकासशील विश्व की खाद्य सुरक्षा में अभिगम्यता और सामर्थ्य की भूमिका का वर्णन कीजिए।

Describe the role of accessibility and affordability in food security of developing world. 15

6. (c) प्रादेशिक नियोजन में पर्यावरणीय मुद्दों को पर्याप्त रूप से सम्बोधित नहीं किया जाता है। टिप्पणी कीजिए।

The environmental issues are not adequately addressed in the regional planning. Comment. 15

7. (a) औपचारिक प्रदेशों के सीमांकन के मानकों, सूचकों तथा तकनीकों को सुझाएं।

Suggest criteria, indicators and techniques for delimitation of formal regions. 20

7. (b) भूराजनीति में सीमायें महत्त्वपूर्ण हैं, व्याख्या कीजिए। सीमाओं के समावेशी एवं अपवर्जी पहलू से क्या मुद्दे विकसित होते हैं ?

Boundaries are important in geopolitics. Explain. What issues develop from the inclusionary and exclusionary aspects of borders ? 15

7. (c) वैश्विक आर्थिक तंत्र एवं संस्कृति के संगठन में कुछ विशाल (मेगा) शहर प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। व्याख्या कीजिए।

Small number of mega cities are playing key role in organisation of global economics and culture. Explain. 15

8. (a) भूगोल में प्रमुख प्रतिमान बदलाव के रूप में अतिवाद को क्यों देखा जाता है ? इसके कारणों, उपागमों तथा आलोचनाओं की व्याख्या कीजिए।

Why is radicalism seen as a major paradigm shift in geography ? Explain its causes, approaches and criticism. 20

8. (b) वृद्ध होती आबादी के प्रतिकूल सामाजिक एवं आर्थिक परिणाम होते हैं। उदाहरणों के साथ व्याख्या कीजिए।

Aging population has adverse social and economic consequences. Explain with examples. 15

8. (c) ऐल्फ्रेड वेबर के औद्योगिक अवस्थिति के सिद्धान्त का समालोचनात्मक विवरण प्रस्तुत कीजिए।

Present a critical account of Alfred Weber Theory of industrial location. 15

---